Tender Heart High School




Class- V　　　Subject - Hindi Language

Teachers: Ms. Roma Rani　　　पुस्तक : भाषा किरण

## सामासिक शब्द




विद्या + आलय = विद्यालय

विद्या के लिए आलय



त्रि (तीन) + नेत्र

तीन नेत्रों वाला = त्रिनेत्र

दो या दो से अधिक शब्दों को छोटा करके नया शब्द बनाना; जैसे त्रि + नेत्र के मेल से नया शब्द बना 'त्रिनेत्र'। ऐसे शब्द ही सामासिक शब्द कहलाते हैं। कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक अर्थ प्रकट करने वाले शब्दों को सामासिक शब्द कहते हैं।

Scanned with CamScanner

Class - V Subject - Hindi Language

Teachers:- Ms. Roma Rani पुस्तक : भाषा किरण (पेज न. 91, 92)

## सामासिक शब्द

विद्यार्थियों ! आज हम सामासिक शब्दों के बारे में पढ़ेंगे। सबसे पहले हम 'सामासिक शब्द' का अर्थ जानेंगे।

सामासिक शब्द का अर्थ → दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर जो नया और छोटा शब्द बनता है, उस शब्द को सामासिक शब्द कहते हैं; जैसे— राजा का पुत्र = राजपुत्र ।

रसोई के लिए घर = रसोईघर ।

हाथ के लिए कड़ी = हथकड़ी ।

जब सामासिक शब्द के सभी शब्द अलग-अलग किए जाते हैं, तो वे विग्रह कहलाते हैं। विग्रह के बाद सामासिक शब्दों का लोप (गायब) हो जाता है। सामासिक शब्दों को समस्तपद भी कहते हैं।

Scanned with CamScanner

Class-V Subject-Hindi Language

Teachers: Ms. Roma Rani पुस्तक : 'भाषा किरण'

## सामासिक शब्द

विद्यार्थियों अब आप जान गए होंगे कि 'सामासिक शब्द' क्या होते हैं। इसका अर्थ भी आपकी समझ में आ गया होगा।

**गृहकार्य →** विद्यार्थी पुस्तक 'भाषा किरण' में से पेज नं. ९१, ९२ पर दिए गए सामासिक शब्दों को अपनी 'Hindi Language Note Book' में लिखेंगे। विद्यार्थी 'भरपेट से लेकर कामचोर' तक दिए सामासिक शब्द नोटबुक में लिखेंगे। पेज नं० ९१, ९२ को सभी विद्यार्थी ध्यान से पढ़ेंगे तथा समझेंगे।

**Note for the Parents—** अभिभावकों से अनुरोध है कि बच्चों की विषय वस्तु को समझने में सहायता करें। विषयवस्तु को लेकर उनके मन में कोई भ्रम हो तो उसे दूर करने की कोशिश करें। विद्यार्थियों को साफ़-सुथरा काम करने के लिए प्रेरित करें। विद्यार्थियों को (1-18) तक नोट बुक में लिखवाएं। (last Page)

Scanned with CamScanner